**Series–C**

Roll No...........................

Total No. of Questions–12] [Total No. of Printed Pages–16

**A–903–C–X–2324**

# HINDI

Time Allowed—3 Hours  Maximum Marks—80

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**विशेष निर्देश :**

(i) अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बायीं ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न-पत्र सीरीज अवश्य लिखिये।

(ii) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है।

(iii) उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िये।



(iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(v) सफाई (लिखाई/सुलेख) का विशेष ध्यान रखिये।

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

प्रभात-फेरियाँ, हड़तालें, जुलूस, भाषण हर शहर का चरित्र था और पूरे दमखम और जोश-खरोश के साथ इन सबसे जुड़ना हर युवा का उन्माद। मैं भी युवा थी और शीला अग्रवाल की जोशीली बातों ने रंगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था। स्थिति यह हुई कि एक बवंडर शहर में मचा हुआ था और एक घर में। पिता जी की आज़ादी की सीमा यहीं तक थी कि उनकी उपस्थिति में घर में आए लोगों के बीच उठूँ-बैठूँ जानूँ-समझूँ। हाथ उठा-उठाकर नारे लगाती, हड़तालें करवाती, लड़कों के साथ शहर की सड़कें नापती लड़की को अपनी सारी आधुनिकता के बावजूद बर्दाश्त करना, उनके लिए मुश्किल हो रहा था तो किसी की दी हुई आज़ादी के दायरे में चलना मेरे लिए। जब रंगों में लहू की जगह लावा बहता हो तो सारे निषेध, सारी वर्जनाएँ और सारा भय कैसे ध्वस्त हो जाता है, यह तभी जाना और अपने क्रोध से सबको थरथरा देने वाले पिता जी से टक्कर लेने का जो सिलसिला तब शुरू हुआ था, राजेन्द्र से शादी की, तब तक वह चलता ही रहा।



www.careerindia

## भाग-अ

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 4×1=4

(च) लेखिका किन दिनों का वर्णन कर रही है? उन दिनों देश का वातावरण कैसा था?

(छ) शीला अग्रवाल कौन थी? उसने लेखिका को कैसे प्रभावित किया?

(ज) पाठ और लेखक का नाम बतायें।

(झ) लेखिका को क्या पंसद था?

(ञ) लेखिका के पिता क्या चाहते थे?

## भाग-ब

बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 6×1=6

(क) पाठ का नाम है:

(ट) एक कहानी

(ठ) यह भी कहानी

(ड) कहानी यह भी

(ढ) घर की कहानी।


https://www.hpboardonline.com

(ख) लेखिका के पिता चाहते हैं कि लेखिका:

(ट) कॉलेज जाये

(ठ) घर के लोगों के बीच उठे बैठे

(ड) घर से न निकले

(ढ) हड़तालें करें।

(ग) 'प्रभात' का अर्थ है:

(ट) दोपहर

(ठ) शाम

(ड) रात

(ढ) सुबह।

(घ) शहर में क्या हो रहा था?

(ट) प्रभातफेरियाँ

(ठ) हड़तालें

(ड) जुलूस, भाषण

(ढ) उपरोक्त सभी।


https://www.hpboardonline.com

www.careerindia

(ङ) 'मैं' भी युवा थी' में रेखांकित शब्द है:

(ट) संज्ञा

(ठ) सर्वनाम

(ड) क्रिया

(ढ) विशेषण।

(च) शीला अग्रवाल की बातों ने प्रभावित किया:

(ट) पिता जी को

(ठ) लेखिका को

(ड) लोगों को

(ढ) युवाओं को।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: $3\times2=6$

(क) पान वाले का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिये।

(ख) खेतीबारी से जुड़े गृहस्थ बालगोबिन भगत अपनी किन चारित्रिक विशेषताओं के कारण साधु कहलाते थे?

(ग) लेखक को नवाब साहब के किन हाव-भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं?

P. T. O.



https://www.hpboardonline.com

(घ) लेखक ने फ़ादर बुल्के को 'मानवीय करूणा की दिव्य चमक' क्यों कहा है?

(ङ) 'एक कहानी यह भी' आत्मकथ्य में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है?

3. 'स्त्रियों को पढ़ाने से अनर्थ होते हैं'-कुतर्कवादियों की इस दलील का खंडन द्विवेदी जी ने कैसे किया है, अपने शब्दों में लिखिये।

**अथवा**

लेखक ने अपने दृष्टिकोण से सभ्यता और संस्कृति की एक परिभाषा दी है। आप सभ्यता और संस्कृति के बारे में क्या सोचते है? स्पष्ट कीजिये। $1\times4=4$

4. निम्नलिखित काव्याँश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिअ किन मोही। सुनि रिसाई बोले मुनि कोही।।



https://www.hpboardonline.com
www.careerindia

सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिअ लराई।।

सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।।

सो विलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा।।

सुनि मुनिबचन लखन मुसुकाने। बोले परसुधरहि अवमाने।।

बहु धनुही तोरि लरिकाईं। कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं।।

येहि धनु पर ममता केहि हेतू। सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू।।

रे नृपबालक कालबस बोलत तोहि न सँभार।

धनुही सम त्रिपुरारिधनु विदित सकल संसार।

### भाग-अ

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 4×1=4

(क) उपर्युक्त पद का भाव स्पष्ट कीजिये।

(ख) परशुराम ने क्या धमकी दी थी?

(ग) लक्ष्मण की किस बात को सुनकर परशुराम को अधिक क्रोध आया था?



(घ) परशुराम के वचनों को सुनकर लक्ष्मण के चेहरे पर कैसे भाव प्रकट हुए थे?

(ङ) लक्ष्मण ने शिवधनुष को क्या कहा था?

### भाग-ब

बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 6×1=6

(क) परशुराम का स्वभाव कैसा था?

(ट) क्रोधी

(ठ) नम्र

(ड) मजाकिया

(ढ) क्रोधी व उग्र।

(ख) कवि का नाम है:

(ट) तुलसीदास

(ठ) सूरदास

(ड) देव

(ढ) कबीर।



www.careerind

(ग) शिवधनुष को तोड़ने वाले को परशुराम ने किसके समान अपना शत्रु माना था?

(ट) सहस्रबाहु

(ठ) जमदग्नि

(ड) देव

(ढ) कामधेनु।

(घ) कविता का नाम है:

(ट) राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद

(ठ) राम संवाद

(ड) लक्ष्मण संवाद

(ढ) परशुराम संवाद।

(ङ) परशुराम के अनुसार लक्ष्मण किसके वश में हो कर बोल रहा था?

(ट) काल

(ठ) क्रोध

(ड) देव

(ढ) उपरोक्त सभी।

P. T. O.



https://www.hpboardonline.com

(च) 'रिपु' का अर्थ है:

(ट) शत्रु

(ठ) मित्र

(ड) काल

(ढ) समय।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 3×2=6

(क) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है?

(ख) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताईं?

(ग) 'अट नहीं रही है' कविता में कवि की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है?

(घ) स्मृति को पाथेय बनाने से कवि का क्या आशय है?

(ङ) कवि के अनुसार फसल क्या है?



https://www.hpboardonline.com

www.careerind

6. किसी भी क्षेत्र में संगतकार की पंक्ति वाले लोग प्रतिभावान होते हुए भी मुख्य या शीर्ष स्थान पर क्यों नहीं पहुँच पाते होंगे?

**अथवा**

गोपियों ने अपने वाक्चातुर्य के आधार पर ज्ञानी उद्धव को परास्त कर दिया, उनके वाक्चातुर्य की विशेषताएँ लिखिये। 4

**खण्ड-ख**

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 3×2=6

(क) भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है?

(ख) सरकारी तंत्र में जॉर्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर जो चिंता या बदहवासी दिखाई देती है, वह उसकी किस मानसिकता को दर्शाती है?

(ग) झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया गंतोक लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था?


https://www.hpboardonline.com

(घ) कठोर हृदयी समझी जाने वाली दुलारी टुन्नू की मृत्यु पर क्यों विचलित हो उठी?

(ङ) हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरुपयोग है। आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरुपयोग कहाँ-कहाँ और किस तरह से हो रहा है?

8. प्रदूषण के कारण स्नोफॉल में कमी का जिक्र किया गया है। प्रदूषण के और कौन-कौन से दुष्परिणाम सामने आए हैं? लिखिये।

**अथवा**

'एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा!' का प्रतीकार्थ समझाइए। 4

**खण्ड-ग**

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 5×2=10

(क) वाक्यों को निर्देशानुसार लिखिये:

(च) वह झूठा होने के अतिरिक्त चोर है।

(संयुक्त वाक्य में बदलिये)


https://www.hpboardonline.com
www.careerindia...

(छ) अमीरों की सभी सुनते हैं।

(मिश्र वाक्य में बदलिये)

(ख) उद्देश्य और विधेय छाँटिये:

(च) रमा खाना बनाती है।

(छ) चुनाव में कौन जीता?

(ग) निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार उत्तर दीजिये:

(च) राजा द्वारा प्रजा को कष्ट दिये गये।

(कर्तृवाच्य में बदलिये)

(छ) मैं उठ नहीं सकता।

(भाववाच्य में बदलिये)

(घ) (1) 'धर्मवीर' समस्त पद में समास का नाम है:

(ट) तत्पुरुष समास

(ठ) द्विगु समास

(ड) अव्ययीभाव समास

(ढ) द्वंद्व समास।



https://www.hpboardonline.com

(2) व्याकरण के अंग है:

(ट) चार

(ठ) दो

(ड) तीन

(ढ) दस।

(ङ) (1) 'मीनाक्षी ने पाठ पढ़वाया' में क्रिया है:

(ट) प्रेरणार्थक क्रिया

(ठ) अकर्मक क्रिया

(ड) सकर्मक क्रिया

(ढ) द्विकर्मक क्रिया।

(2) 'सप्ताह में एक बार होने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है।

(ट) साप्ताहिक

(ठ) दैनिक

(ड) सप्ताहिक

(ढ) मासिक।



https://www.hpboardonline.com

www.careerindia

10. निम्नलिखित दिये गये विषयों में से किसी **एक** विषय पर 200–250 शब्दों में निबंध लिखिये: 8

(क) मेरा भारत महान: भूमिका, भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक विकास, विभिन्न परियोजनाएँ, दर्शनीय स्थल, महापुरुषों की धरती, उपसंहार।

(ख) बढ़ती जनसंख्या: गंभीर समस्या: भूमिका, कारण, नुकसान, नियंत्रण के उपाय।

(ग) विद्यार्थी जीवन: भूमिका, गुण, कर्त्तव्य, उपसंहार।

(घ) समाचार पत्रों का महत्त्व: भूमिका, समाचार पत्रों का आरंभ, प्रकार, सामग्री, उपयोगिता, उपसंहार।

(ङ) मेरा प्रिय नेता: भूमिका, जन्म तथा शिक्षा, समाज के लिए कार्य, उपसंहार।

11. प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को स्कूल में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने हेतू प्रार्थना-पत्र लिखिये।

**अथवा**

मामा द्वारा आपके जन्मदिवस पर भेजे उपहार के लिए धन्यवाद पत्र लिखिये। 7



12. लड़के और लड़कियों के बीच शिक्षा के भेदभाव पर दो लड़कियों के बीच में हुये संवाद को लेकर लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिये।

**अथवा**

आपके विद्यालय में 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जा रहा है। इस विषय के बारे में प्रतिवेदन अपने शब्दों में लिखिये। 5

https://www.hpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



www.careerindia